## कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेक्षकों व जिला निर्वाचन अधिकारी ने उम्मीदवार व अभिकर्ताओं के साथ की बैठक

# रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा लाउडस्पीकर का प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सामान्य प्रेक्षक बाबूलाल गोयल, जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह, पुलिस प्रेक्षक राजीव रंजन, व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव व ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार व उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ बैठक की। प्रेक्षकों ने भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों व नियमों का अनुपालन करने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श व चर्चा की। बैठक में सामान्य प्रेक्षक ने उम्मीदवारों व उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव पारदर्शी, निष्पक्ष, शुचितापूर्ण व सकुशल ढंग से संपन्न हो। इसके लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। उम्मीदवारों से कहा गया कि वह अपने-अपने निर्वाचन अभिकर्ताओं को आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराएं। रिलायंस गेस्ट हाउस में प्रेक्षक निवासरत हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न गतिविधियों की समय सारणी, आदर्श आचार संहिता, व्यय अनुवीक्षण प्रक्रिया, निर्वाचन संबंधी विधिक प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी। वाहन पास ओरिजिनल ही लगाएं। आचार संहिता के चलते आयोजनों की अनुमति पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी। मतदान




कलेक्ट्रेट सभागार बैठक में मौजूद प्रेक्षक राजीव रंजन, अंबालाल नायक, जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह। साथ अन्य अधिकारी।

समाप्ति के समय से 48 घंटे पूर्व प्रचार प्रसार नहीं होगा। जाति, धर्म आदि के आधार पर मत याचना न की जाए। किसी प्रत्याशी या अन्य के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग न किया जाए।

पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। लाउडस्पीकर का प्रयोग रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। मतदाताओं को मतदान करने में कोई परेशान कर रहा हो तो तत्काल अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा सभी लोग ज्यादा से ज्यादा मतदान करें।

व्यय प्रेक्षक ने उम्मीदवारों एवं अभिकर्ताओं से कहा कि चुनाव खर्च पूर्व में उपलब्ध कराई गई रेटलिस्ट के हिसाब से जोड़ा जाएगा। सभी लोग अपना निर्वाचन

**● मतदान समाप्ति के समय से 48 घंटे पूर्व नहीं होगा प्रचार प्रसार**

खर्च का मिलान 3, 6 व 9 मई को अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि अधिकतम 10, 000 रुपये तक का नकद ट्रांजेक्शन उम्मीदवार कर सकते हैं इससे ऊपर की धनराशि के लिए चेक, ड्राफ्ट व अन्य माध्यम का उपयोग किया जाएगा। लोकसभा निर्वाचन के उम्मीदवार 95 लाख रुपये व विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार 40 लाख रुपये तक ही खर्च कर सकेंगे। इस अवसर पर एसपी अशोक कुमार मीणा, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## तीन मई से जीएफ कॉलेज में होगी चुनाव के लिए ईवीएम कमिशनिंग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव व ददरौल विधानसभा उपचुनाव 13 मई को होगा। जिसके लिए ईवीएम की कमीशनिंग का कार्य 3 मई से जीएफ कॉलेज में विधानसभा वार सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक किया जाएगा। जिसके लिए जीएफ कॉलेज में अलग-अलग कक्षों का निर्धारण कर दिया गया है।

131-कटरा विधानसभा कक्ष संख्या 1-2, 132-जलालाबाद विधानसभा कक्ष संख्या 11-12, 133-तिलहर विधानसभा कक्ष संख्या 4-5, 134- पुवायां विधानसभा कक्ष संख्या 25-26, 135-शाहजहांपुर विधानसभा कक्ष संख्या 13-14 व 136 -ददरौल विधानसभा कक्ष संख्या 27-28 में ईवीएम कमिशनिंग होगी। साथ ही ददरौल विधानसभा के उपचुनाव के लिए ईवीएम कमिशनिंग कक्ष संख्या 7, 8 व 10 में कराई जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि कमीशनिंग स्थल पर आग से निपटने के लिए पर्याप्त अग्निशमन की व्यवस्था रहेगी।

साथ ही उन्होंने बताया कि बुधवार एक मई को कलेक्ट्रेट सभागार में शाम 4 बजे से ईवीएम की कमीशनिंग कार्य से संबंधित आयोग की गाइडलाइन के बारे में समस्त सहायक रिटर्निंग आफिसर्स, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार की बैठक आयोजित की जाएगी।

## एक नजर

### टीवी पर प्रसारित होगी सुखप्रीत की कविता

**पुवायां।** कविता के क्षेत्र में विशेष स्थान हासिल करने वाले सुखप्रीत सिंह सुखी की कविता अब भोपाल के एक चैनल पर भी प्रसारित होगी। इसके लिए दो एपिसोड की शूटिंग पूरी हो चुकी है। जिनका प्रसारण तीन व चार मई को होगा। मोहल्ला गढ़ी के निवासी सुखप्रीत सिंह सुखी ने हाल ही में मध्य प्रदेश के एक न्यूज़ चैनल पर दो एपिसोड की शूटिंग पूरी की है। 3 व 4 मई को इस कार्यक्रम का प्रसारण होगा। उनके भाई गुरमीत सिंह ने बताया कि यह गर्व का क्षण है कि भाई को एक बार फिर टीवी पर आने का अवसर मिला है।

### जिला बदर अपराधी पकड़ा

**तिलहर।** कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट की ओर से थाना क्षेत्र के गांव खिरिया माल निवासी राजेश कुमार को 20 फरवरी को जिला बदर कर दिया गया था। इसके बाद भी वह गुपचुप आता था। मुखबिर की सूचना पर पर एसआई रजनीश कुमार ने गांव के बाहर से आरोपी राजेश कुमार को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### डीआरएम आज करेंगे स्टेशन का निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** मुरादाबाद मंडल के डीआरएम राज कुमार सिंह बुधवार की सुबह नौ बजे निरीक्षण यान से स्टेशन पर पहुंचेंगे। स्टेशन पर चल रहे अमृत योजना के कार्य का निरीक्षण करेंगे। रोजा स्टेशन के बाद बालामऊ जाएंगे।

# बाबू जी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर किया गुरु सत्ता को नमन

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया रामचंद्र मिशन के संस्थापक का 125वां जन्मोत्सव, मिशन परिसर में दिन भर उमड़ते रहे अभ्यासी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन के संस्थापक महात्मा राम चंद्र महाराज (बाबूजी) की 125वीं जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। मंगलवार को मिशन के अनुयायियों ने आश्रम पहुंचकर बाबूजी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर गुरु सत्ता को नमन किया और ध्यान-साधना के माध्यम से आध्यात्मिक उन्नति की कामना की। इधर, अजीजगंज स्थित सहज मार्ग जंक्शन पार्क में रामचंद्र जी महाराज की दिव्य प्रतिमा पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सांसद अरुण सागर आदि ने माल्यार्पण कर बाबू जी का भावपूर्ण स्मरण किया।

मंगलवार को मिश्रीपुर स्थित श्री राम चंद्र मिशन आश्रम का माहौल ही कुछ अलग था। सुबह से ही आसपास क्षेत्रों के सैकड़ों अनुयायी उमड़ रहे थे। सभी के चेहरे पर आध्यात्मिक गुरु की 125वीं जयंती मनाने की खुशी झलक रही थी। आध्यात्मिक चेतना का केंद्र जन्मोत्सव के उल्लास से डूबा हुआ नजर आ रहा था। जन्मोत्सव का शुभारंभ मिशन के जोन प्रभारी दीपक त्यागी और केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा ने बाबू जी की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद दिनभर सैकड़ों महिलाएं, पुरुष और युवा आश्रम में उमड़ते रहे और समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावुक होते रहे। यह सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलता रहा। उमड़ते अनुयायियों के कारण आश्रम परिसर में मेले जैसा माहौल बना रहा।

इस मौके पर अभ्यासियों ने ध्यान-साधना के माध्यम से आत्मोत्थान, मानव कल्याण व विश्व बंधुत्व की कामना की। वरिष्ठ अभ्यासियों ने बाबू जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई राजयोग की सरल साधना पद्धति से अवगत कराया। इस अवसर पर श्री रामचंद्र मिशन मिशन के अध्यक्ष कमलेश डी पटेल दाजी के संदेश को भी सुनाया गया, जिसमें उन्होंने कहा कि जब तक हम अपने दिलों में प्रेम, जीवन में अनुशासन और मनोभावों में स्वीकार्यता नहीं लाएंगें, तब तक हम आध्यात्मिक विकास नहीं कर सकते। व्यवस्था में राजगोपाल अग्रवाल, श्रीगोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, आनंद बाबू मिश्रा, बृह्मा शंकर, अर्जुन अग्रवाल, संजीव मोर्या, रामजी गुप्ता, कृष्णा भारद्वाज,ललिता त्यागी, अजीत श्रीवास्तव, हर्ष अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

**● अनुयायियों ने ध्यान साधना कर की आध्यात्मिक उन्नति की कामना**

**● मिश्रीपुर स्थित श्री राम चंद्र मिशन आश्रम परिसर में बना रहा मेले जैसा माहौल**



बाबू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और सांसद अरुण सागर।



श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में आध्यात्मिक गुरु बाबू जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करते अनुयायी। ● अमृत विचार

### मंत्री खन्ना ने किया बाबूजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

अजीजगंज-गर्रा पुल स्थित सहज योग जंक्शन नामक पार्क में स्थापित श्री रामचंद्र महाराज बाबूजी की दिव्य प्रतिमा पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सांसद अरुण सागर, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, उद्योगपति राजगोपाल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल आदि ने फूल मालाएं पहनाकर नमन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि शाहजहांपुर के लोगों के लिए यह गौरव की बात है कि यहां की माटी में जन्म लेने वाले महात्मा रामचंद्र जी महाराज द्वारा स्थापित रामचंद्र मिशन और हार्टफुलनेस मेडीटेशन आज पूरे विश्व में आध्यात्मिक चेतना का संचार कर रहा। पिछले माह ही मिशन के वैश्विक मुख्यालय में आंतरिक शांति से विश्व शांति थीम पर विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें पूरे विश्व के धर्म गुरुओं ने आम जनमानस के आध्यात्मिक कल्याण पर चर्चा की। उन्होंने जनपदवासियों को बाबू जी 125वीं जयंती की बधाई भी दी।



श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में ध्यान-साधना करते अभ्यासी। ● अमृत विचार

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया पांचवें गुरु अर्जुन देव का प्रकाश पर्व



गुरुद्वारा रामनगर में फूलों और दीपों की रंगोली सजाती युवतियां। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर, रामनगर में मंगलवार को सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव जी का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास से श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विशेष गुरमत दीवान सजाया गया। सुखमनी साहिब के पाठ के बाद शबद-कीर्तन से संगत निहाल हुई।

इससे पहले समूह संगत द्वारा कराए जा रहे श्री सहज पाठ का समापन और भोग हुआ। सहज पाठ की समाप्ति के बाद हजूरी रागी भाई अंग्रेज सिंह, गुरप्रीत सिंह, परमजीत कौर ने गुरु अर्जुन देव जी की याद में शबद गायन कर संगत को निहाल किया। संस्थाध्यक्ष जगजीत सिंह ने गुरु अर्जुन देव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु जी ने लाहौर में अपनी शहादत दी थी। इस अवसर पर पालकी साहिब को विशेष रूप से फूलों से सजाया गया। फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष सिख संगत ने मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। संरक्षक अवतार सिंह, उपाधक्ष कर्मजीत सिंह, मन्नी बग्गा आदि के मार्गदर्शन में चले समारोह में जसमीत सिंह, गगनजीत सिंह, सुरजीत सिंह, सोनू,सोनिया, दीपा, चरणजीत सिंह, नवदीप कौर, जितेंद्र सिंह आदि का सहयोग रहा।प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा को फूलों की रंगोली और दीपों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। उत्सव में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा शामिल हुए।

**● सिखों के पंचम गुरु के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा रामनगर में हुआ विशेष गुरमत समागम**



गुरुद्वारा रामनगर में गुरु अर्जुन देव महाराज के प्रकाश पर्व पर शबद गायन करते रागी भाई।

## छात्र-छात्राओं को समझाए सड़क सुरक्षा के नियम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** आकांक्षा पब्लिक इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को सुरक्षित यातायात का संदेश दिया गया। साथ ही सभी से ट्रैफिक नियमों का पालन करने को कहा गया।

मुख्य अतिथि टीएसआई विनय पांडेय और आरक्षी कोमल सिंह ने विद्यार्थियों को यातायात से संबंधित सामान्य नियमों से अवगत कराया और आह्वान किया कि सभी स्वयं नियमों का पालन करते हुए अपने अभिभावकों और भाई-बहनों को भी जागरुक करेंगे। टीएसएस आई ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करना चाहिए, जिससे हम अपने तथा अपने परिवार के जीवन को सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे अभिभावकों को भी प्रेरित करें कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। प्रबंधक उर्मिला सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत और प्रधानाचार्य मुदिता जौहरी ने आभार व्यक्त किया। स्मिता सक्सेना समेत विद्यालय स्टाफ के सदस्यों का सहयोग रहा।




आकांक्षा इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी।



जानकारी देते टीएसआई विनय पांडेय।

**● आकांक्षा पब्लिक इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत हुआ कार्यक्रम**

## नाहिल में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू



नवकुंडीय श्री रूद्रमहायज्ञ में पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**पुवायां, अमृत विचार :** नाहिल में 1008 महामंडलेश्वर स्वामी अनिरुद्धानंद तीर्थ जी महाराज के निर्देशानुसार मंगलवार को कलश यात्रा के साथ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ प्रारंभ हुआ। जिसकी पूर्णाहुति चार मई को होगी। नवकुंडीय श्री रूद्रमहायज्ञ एवं वृहद भंडारे के आयोजन में भक्तों ने तन- मन-धन से सेवादार के रूप में सेवा की। यज्ञ में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ के साथ पंडित रामप्रवेश शास्त्री की भागवत कथा सायं चार बजे से आठ बजे तक होगी। भंडारा अनवरत 4 मई तक चलेगा। कार्यक्रम में शिवकरन मिश्रा, विपुल वाजपेयी, पिंकू वाजपेयी, निर्भय तिवारी, भगवान शंकर शुक्ला , यज्ञदेव वाजपेयी, संजीव वाजपेयी, पूरन मिश्रा , नीरज वाजपेयी आदि का सहयोग रहा।

## पावर हाउस रोजा में हवन पूजन के बाद किया भंडारा



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता रोजा

**अमृत विचार :** रोजा पावर हाउस की ओर से मंगलवार को पावर प्रांगण में हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व कर्मचारियों ने एसडीओ के नेतृत्व में शिव मंदिर में हवन में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। हवन के माध्यम से सभी कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

मंगलवार सुबह रोजा पावर हाउस परिसर में शिव मंदिर में हुए हवन पूजन में एसडीओ सीपी जायसवाल व जेई अजय कुमार यादव सहित विद्युत कर्मचारियों ने हवन में आहुतियां डालकर मंगल कामना की। इसके बाद परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा, अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार, एसडीओ बहादुरगंज मनीष चंद्रा, ऋषि श्रीवास्तव, राजेश कुमार, सत्येन्द्र कुमार अग्निहोत्री, शेखर कुमार, शब्बू, फूलचंद, मुरारी, हिमांशु के अलावा पूर्व चेयरमैन अजय कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

**● शिव मंदिर में हवन पूजन के बांटा प्रसाद**

## बैंक में स्टाफ नहीं, जनता हो रही परेशान

**पुवायां, अमृत विचार:** स्थानीय एचडीएफसी बैंक में सिंगल कैश विंडो होने के कारण बैंक कस्टमर को अपना धन जमा करने व निकालने के लिए एक एक घंटा लंबी लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। इसके बाद कहीं उनका कैश काउंटर पर नंबर आ पाता है। इससे कस्टमर को काफी परेशानी हो रही है। जब निजी क्षेत्र की बैंक शाखाएं पुवायां में खुली तो लोगों को निजी बैंक में खाता खुलवाने के लिए प्रेरित किया गया।

उस समय बैंक कर्मी घर-घर जाते थे और बैंक ग्राहकों को वीआईपी ट्रीटमेंट देकर उनका काम मिनटों में निपटाने के लिए कहते थे। अब इसी बैंक शाखा में लोगों को लेनदेन करने के लिए घंटों इंतजार करना होता है। धीरे धीरे लोगों को इस बैंक से मोह भंग हो रहा है। बैंक के शाखा प्रबंधक विजय कुमार से शिकायत की गई तो उन्होंने बताया कि कैश काउंटर पर दो कैशियर नियुक्त करने के लिए लिखा गया है।

## प्रशिक्षुओं ने तैयार किया बिना आग के भोजन



प्रशिक्षुओं को संबोधित करते मुख्य अतिथि डीआईओएस/मुख्यायुक्त हरिवंश कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एसएस कॉलेज में चल रहे डीएलएड प्रशिक्षुओं का पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। अंतिम दिन प्रशिक्षुओं ने टेंट निर्माण कर बिना आग के भोजन तैयार किया।

जिला मुख्यायुक्त/डीआईओएस हरिवंश कुमार ने प्रादेशिक संगठन कमिश्नर नेहा कटियार, जिला सचिव डॉ. अमीर सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता प्रोफेसर प्रभात शुक्ल आदि के साथ टेंट निर्माण का निरीक्षण कर डीएलएड प्रशिक्षुओं का डत्साहवर्द्धन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यायुक्त हरिवंश कुमार ने कहा कि स्काउट-गाइड्स स्कूली शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे छात्र-छात्राओं का बौद्धिक विकास होता है। संगठन चरित्र निर्माण के साथ कौशल विकास और विषम परिस्थितियों में पीड़ितों की सहायता करने में सहायक बनता है। सचिव डॉ. अमीर सिंह ने प्रशिक्षुओं को व्यवहारिक ज्ञान के साथ जीवन में उतरने का आह्वान किया। स्काउट से व्यक्ति में अनुशासन की भावना पैदा होती है और नेतृत्व क्षमता भी बढ़ती है।इससे पहले प्रवक्ता प्रभात शुक्ला ने स्वागत भाषण दिया। डीएलएड प्रभारी डॉ. मनोज कुमार मिश्र ने पांच दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए आभार व्यक्त किया। अभिषेक वाजपेयी के संचालन में चले समापन कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. प्रियंका के नेतृत्व में छात्राओं ने मां शारदे की वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक करुण कुमार पांडेय, डॉ. गौरव शर्मा, शैलेंद्र द्विवेदी, सर्वोत्तम शर्मा, अमिता रस्तोगी, शिवानी भारद्वाज, नीरज गुप्ता, रचना रस्तोगी, जय सिंह आदि का योगदान रहा।

**● जिला मुख्यायुक्त ने किया टेंट निर्माण का निरीक्षण, बढ़ाया प्रशिक्षुओं का उत्साह**




# हादसों में दो की मौत, एक युवक के शव को रातभर कुचलते रहे वाहन

## सब्जी लेने गया था निगोही का राजेश, लौटते समय बाइक को वाहन ने मारी टक्कर

संवाददाता, निगोही/रोजा

● नेशनल हाईवे पर देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आए युवक की गई जान, शिनाख्त नहीं

**अमृत विचार:** अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। निगोही में सोमवार शाम सब्जी लेकर लौटते समय युवक की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। रात भर उसका शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में अज्ञात में रखा रहा। परिजनों को उसकी मौत की जानकारी अगले दिन सुबह हुई। वहीं रोजा क्षेत्र में हाईवे पर युवक की वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। तेज रफ्तार वाहन उसके सिर को कुचलते हुए निकल गया। जिससे उसका शव क्षत-विक्षत हो गया और इस वजह से उसकी शिनाख्त भी नहीं हो पाई।

निगोही कस्बे में पुवायां रोड बगिया निवासी राजेश कुमार(40) बाइक से पतराजपुर सब्जी लेने गया था, जहां से शाम सात बजे वह सब्जी लेकर घर लौट रहा था। बीसलपुर राजमार्ग पेट्रोल पंप के निकट वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे एंबुलेंस से सीचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर राजेश की सांसे थम गईं। इधर पूरी रात पत्नी पति के लौटने का इंतजार करती रही और बच्चे पापा की राह देखते-देखते सो गए। सुबह जब पत्नी ने दूसरे के मोबाइल से पति के नंबर पर कॉल की तो, उधर से फोन रिसीव करने वाले ने मौत की खबर दी और कहा कि शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखा है। परिजनों के पहुंचने पर शव पोस्टमार्टम को भेजा गया। मृतक के सात बेटियां और एक बेटा है।


मृतक राजेश।


बच्चों के साथ गुमसुम बैठी राजेश की पत्नी और पीछे खड़े अन्य परिजन।

**रोजा।** थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि सोमवार देर रात सूचना मिली कि बरेली सीतापुर हाईवे पर बरतारा के पास एक युवक को किसी वाहन ने रौंद दिया है, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी लेकिन शव का सिर कुचल जाने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र करीब तीस साल बताई जा रही है। युवक के बड़े बाल और हल्की दाढ़ी हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पुलिस चाहती तो रात में ही हो सकती थी शिनाख्त

राजेश के पास मोबाइल था और परिचय पत्र भी था। घायल राजेश भले ही बोल पाने की स्थिति में नहीं था लेकिन पुलिस मोबाइल और परिचय पत्र के जरिये राजेश के घर तक रात में ही खबर पहुंचा सकती थी लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। सुबह परिजनों को राजेश की मौत की खबर मिली। परिजनों का कहना है कि काश उन्हें रात में ही हादसे की खबर मिल गई होती तो वह शायद उचित इलाज के जरिये उसे बचा सकते थे।

### रात भर पत्नी और बच्चे करते रहे इंतजार, सुबह मिली मौत की जानकारी

बच्चे भूख से बिलख रहे थे, मां दिलासा दे रही थी कि पापा सब्जी लेकर आते ही होंगे, पूरी रात पापा के इंतजार में बच्चे ऐसे ही सो गए और बच्चों की मां की रात पति के आने की राह ताकते-ताकते कट गई। सुबह दूसरे का मोबाइल लेकर कॉल की तो मौत की खबर मिली।

## दुर्घटना में घायल चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** चौक कोतवाली के मोहल्ला खलीलगर्बी निवासी मोहम्मद हाशिम ने बताया कि उसके पिता मोहम्मद नूर की पुराना जिला अस्पताल के सामने स्कूटर रिपेयरिंग की दुकान है। 15 अप्रैल को दिन में तीन बजे उसके पिता दुकान के बाहर खड़े थे। तीव्रगति से आ रही बाइक ने उसके पिता को टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता घायल हो गए। युवक बाइक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया। वह अपने घायल पिता मोहम्मद नूर को निजी अस्पताल में ले गया। डाक्टर ने हालत गंभीर होने पर घायल को बरेली रेफर कर दिया था। घायल को बरेली को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके पिता की 26 अप्रैल को बरेली के एक अस्पताल में मौत हो गयी। पुलिस ने बाइक चालक आशू निवासी महमंद जलालनगर थाना सदर बाजार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सड़क हादसे में दो लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** खुटार के गांव कैहमरिया निवासी तनलीम(30) बाइक से गिरकर घायल हो गया। उसे मंगलवार सुबह नौ बजे इमरान ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस से लाकर भर्ती कराया।

इसके अलावा गांव बेहटा जमीमें जेवां में बाइक फिसल जाने पर रामचरण घायल हो गए। उन्हें भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया।

## एक नजर

### साइड न देने को लेकर हुई फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**रौसर कोठी।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव नुसरतपुर बाड़ीगांव में साइड न देने को लेकर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद हुआ है। एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव नुसरतपुर बाड़ीगांव में 21 अप्रैल को साइड न देने को लेकर दो पक्षों में मारपीट के बाद जमकर फायरिंग हुई थी। तीन दिन बाद 23 अप्रैल को पुलिस ने एक पक्ष के ग्राम प्रधान फिरासत अली की ओर से कामरान खां, साहिल, मुजीब, शाहरुख तथा दूसरे पक्ष के इस्तेखार खां की ओर से फुरकान, रिजवान, सुलेमान, इकलाख के खिलाफ हमला, मारपीट, जान से मारने की धमकी और गाली-गलौज की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि घटना के आरोपी फुरकान निवासी नुसरतपुर बाड़ीगांव को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पूर्व में आरोपी कामरान को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### दुष्कर्म की रिपोर्ट चौथे दिन की गई दर्ज

**शाहजहांपुर।** कटरा क्षेत्र में एक महिला के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट पुलिस ने चौथे दिन दर्ज की है। क्षेत्र की एक गांव की महिला गुरुवार की सुबह छह बजे खेत पर गेहूं काटने के लिए गई थी। गांव के एक युवक ने महिला को अकेला देखकर पकड़ लिया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता ने आरोपी नेत्रपाल के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर लेकर रख ली थी। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिससे परेशान पीड़िता एसपी से मिली। अब एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने महिला को डाक्टरी परीक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल

**खुटार।** क्षेत्र के गांव बढ़ईपुर में रहने वाले जोगा सिंह अपने पिता इंद्रजीत सिंह के साथ मंगलवार किसी काम से पूरनपुर की ओर गए थे। शाम को दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में क्षेत्र के गांव बेला के पास सामने से आ रहे किसी वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तमाम राहगीर एकत्रित हो गए। लोगों ने 108 एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी।

# लापता दो युवकों में से एक का नदी में दूसरे का झील में मिला शव, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● जैतीपुर और जलालाबाद क्षेत्र से लापता हुए थे दोनों

**अमृत विचार:** जैतीपुर में लापता युवक का शव बहगुल नदी में उतराता हुआ मिला। इधर जलालाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक का शव जमदग्नि झील में मिला है। जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा घाटा निवासी सोमेंद्र(19) अपने पिता रामेश्वर के साथ सोमवार को दिन में चार बजे खेत पर गया था। पिता शाम पांच बजे घर पर चले आए थे। वह दोबारा शाम छह बजे खेत पर गए तो देखा उसका बेटा सोमेंद्र खेत पर नहीं है। परिवार वालों ने उसकी तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह नौ बजे परिवार वाले सोमेंद्र की तलाश में निकले और उसका शव बहगुल नदी में उतराता हुआ देखा। खेत से कुछ दूरी पर नदी है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामेश्वर ने बताया कि उसके बेटे का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। सात भाइयों में सबसे छोटा था।


मृतक संजू।

जलालाबाद क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर निवासी संजू श्रीवास्तव(38) बारात में खाना बनाने का काम करता था। सोमवार की शाम छह बजे घर से निकला था और वापस नहीं लौटा था। परिवार वालों ने रात में उसकी तलाश की। लेकिन पता नहीं चला। राधेश्याम परिवार वालों के साथ मंगलवार की सुबह दस बजे तलाश कर रहे थे। उसका शव जमदग्नि झील में मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अविवाहित था। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह ने बताया कि परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। दोनों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# नीतिका की हैंगिंग से मौत शरीर में चोट के निशान

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

● पति समेत 12 के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** नीतिका गुप्ता की मौत के मामले में पुलिस पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और उसके शरीर में चोट के निशान तथा हैंगिंग से मौत हुई है।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर निवासी अरविंद गुप्ता ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी 22 वर्षीय पुत्री नीतिका गुप्ता उर्फ मनी गुप्ता की शादी तीन साल पहले सोल्जर गुप्ता निवासी गोपालनगर थाना जलालाबाद के साथ की थी। उसकी पुत्री चार माह की गर्भवती थी। उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान स्वरूप उपहार दिया था। ससुराल वाले दो लाख रुपये तथा कार की मांग कर रहे थे। दहेज को लेकर ससुराल वाले उसकी पुत्री को प्रताड़ित किया करते थे। घटना वाले दिन छह बजे उसकी पुत्री फोन किया कि पापा हमें ले जाओ और ससुराल वालों ने कमरे में बंद करके मारा पीटा है। तुझको जान से मार देगे। सोल्जर का दूसरा विवाह करके दहेज मिल जाएगा। वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि ससुराल वाले उसे कार में डालकर लाश गायब करने की जुगत में थे। उन्होंने बेटी की ससुराल वालों से जानकारी की तो मारपीट पर अमादा हो गए। वह अपनी बेटी को नगरिया अस्पताल ले गए, डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नितिका गुप्ता के शव का पोस्टमार्टम कराया। उसके शरीर में चोट के निशान तथा हैंगिंग से मौत हुई है। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह ने बताया कि पति सोल्जर, अनिल, सर्वेश, राजीव, सीमा, मुस्कान समेत 12 के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# जिले से बाहर जा रहा भूसा डीएम का आदेश बेअसर


भूसा लेकर जाती गाड़ी।

**अल्हागंज, अमृत विचार:** क्षेत्र से पड़ोसी जनपद को भूसा जाने से पशु पालक परेशान हैं। भूसा बाहर जाने से भूसे के दामों में बढोत्तरी हो रही है।

शाम होते ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के अलावा कई पिकअप भूसा जिले से बाहर ले जाने में जुट जाती हैं। मजबूत नेटवर्क होने की वजह से पुलिस भी असहाय महसूस करती है। वहीं चुनाव ड्यूटी में फोर्स के व्यस्त होने की वजह से भूसा जिले से बाहर ले जाने वाले सक्रिय हो गए हैं। इस स्थिति में भूसे के दाम आसमान छूने लगे हैं।

# सीने में मारी गोली, फिर उड़ा दिया चाचा का भेजा

संवाददाता, सिंधौली/ शाहजहांपुर


● हत्या से पहले दिव्यांग लेखराज को कमरे से खींचकर की पिटाई

● इस पर भी गुस्सा नहीं हुआ शांत तो तमंचे से दाग दीं गोलियां

**अमृत विचार:** गांव बरौरा निवासी एक पैर से दिव्यांग लेखराज कनौजिया के खानपान की व्यवस्था पड़ोस के मकान में परिवार के साथ रह रहा उसका बड़ा भाई वीरेशपाल कनौजिया करता था। लेखराज ने बकरी पालन भी कर रखा था। दो भाइयों के हिस्से में उसे जो नौ बीघा जमीन मिली, उसे वह अपने भांजे के नाम करने की बात करता था, बस यही बात बड़े भाई के बेटों को अखर रही थी। इसी खुन्नस में सोमवार रात भतीजों ने लेखराज की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। पहले सीने में गोली मारी, फिर दूसरी गोली से भेजा उड़ा दिया।

हत्या की घटना से पहले शाम सात बजे लेखराज का भतीजों से नौ बीघा जमीन को लेकर हमेशा की तरह विवाद हुआ। वह बैनामा निगोही के गांव सालेपुर निवासी भांजे अरविंद के नाम करना चाहता था लेकिन भतीजे संतोष व गुड्डू ने उससे कहा कि जमीन का बैनामा हम लोगों के नाम कर दो। उसने दोनों को जमीन देने से मना कर दिया था और कहा था कि भांजे को ही जमीन देंगे। इस बात से भतीजे नाराज हो गए और फिर दोनों ने उनकी हत्या की योजना बना डाली। रात करीब दस बजे लेखराज अपने मकान में थे, तभी दोनों भतीजे मकान में घुस गए और कमरे में लेटे चाचा लेखराज को मारते-पीटते आंगन में ले आए। इसके बाद भी जब दोनों का गुस्सा शांत नहीं हुआ तो उन लोगों ने तमंचा निकाल लिया। पहले एक गोली सीने में दाग दी। इसके बाद दूसरी गोली सिर को निशाना बनाते हुए चलाई, जिससे लेखराज भेजा ही उड़ गया। घटना के बाद मौके से भतीजे तो भाग गए लेकिन गांव में सन्नाटा पसर गया। बड़े भाई वीरेश की भी समझ में नहीं आया कि यह बस अचानक क्या और कैसे हो गया।


पोस्टमार्टम हाउस पर रिश्तेदारों के साथमृतक का भाई वीरेशपाल।


इसी घर में रहता था दिव्यांग लेखराज। ● अमृत विचार


घर के बाहर बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

### बहन लेखराज को हमेशा करती रही आगाह

लेखराज हमेशा कहता था कि नौ बीघा जमीन भांजे को ही देंगे। जबकि उसकी बहन सुनीता ने कई बार उसे जमीन भतीजों को देने को कहा था। मृतक लेखराज दो भाई है। दूसरे भाई वीरेशपाल के पांच बच्चें है। उनकी तीन बहनें लक्ष्मी, सुनीता तथा उर्मिला है। तीनों बहनों की शादी हो चुकी है। गुड्डू तथा संतोष अपने चाचा लेखराज से कहते थे कि मेरे पिता ने उन्हें बेटों की तरह पाला था और जमीन अपने भांजे को क्यों दे दोगे। इस बात से दोनों भतीजे चाचा से नाराज होते थे। सुनीता लेखराज से कहती थी कि जमीन देकर परिवार में विवाद क्यों कराना चाहते हो। यदि लेखराज ने अपनी बहन की बात मान ली होती तो शायद आज यह घटना नहीं होती।

### तीन घंटे बाद पहुंची पुलिस

गांव के प्रधान तथा अन्य परिजनों ने घटना की सूचना थाने पर तुरंत दे दी थी। लेकिन पुलिस घटना के तीन घंटे बाद घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पंचनामा न भरकर बल्कि शव को अस्पताल भेज दिया। मृतक का पंचनामा अस्पताल में भरा गया। पुलिस ने लखराज के शव का पोस्टमार्टम कराया। उसके एक गोली सीने तथा दूसरी गोली सिर में लगी थी। दोनों गोली आरपार निकल गई।

### प्रधान की तहरीर पर दर्ज हुई हत्या की रिपोर्ट

**सिंधौली।** थाना क्षेत्र के गांव बरौरा निवासी ग्राम प्रधान फकीरे लाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोमवार को गांव से बाहर किसी काम से गया था। वह रात में गांव में लौटकर आया तो गांव के लोगों से सूचना मिली कि लेखराज की हत्या उसी के भतीजे संतोष तथा गुड्डू ने गोली मारकर कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया प्रधान की तहरीर पर दोनों भतीजे संतोष तथा गुड्डू के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

> जमीन को लेकर भतीजों ने चाचा की गोली मारकर हत्या की है। उसके दो गोली लगी है। दोनों गोली आर-पार हो गई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।
> — **पंकज पंत**, सीओ पुवायां

# भाई के घर जा रही महिला की चेन खींच कर बदमाश फरार

संवाददाता, रौसर कोठी

**अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला रेती में बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से चेन छीन ली और फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित महिला से घटना के संबंध में जानकारी ली। आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज भी देखी। फुटेज में आरोपी महिला का पीछे करते हुए दिखाई दिया है। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला रेती निवासी श्रीकांत गुप्ता की पत्नी उषा गुप्ता दोपहर करीब एक बजे मोहल्ला चौक में अपने भाई के घर जा रही थीं। वह घर से मुख्य मार्ग के लिए जैसे ही पैदल निकलीं लाल रंग की बाइक पर चेहरे पर रूमाल बांधे एक बाइक सवार बदमाश ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। ऊषा के अनुसार लुटेरे ने उनसे कुछ दूर पर मोटरसाइकिल खड़ी कर दी। फिर दौड़कर पास में आया और गले से चेन छीन कर दोबारा मोटरसाइकिल पर बैठकर गलियों से होता हुआ फरार हो गया। सूचना पर रामचंद्र मिशन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास घरों में लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी। फुटेज में आरोपी महिला का पीछा करते हुए काफी दूर तक दिखाई दिया। महिला ने घटना की तहरीर थाना रामचंद्र मिशन में दी है। इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।


पीड़िता ऊषा गुप्ता।

# तमंचा बनाते दो लोग गिरफ्तार, साथी फरार

संवाददाता, खुटार

● झुकना नदी किनारे बना रहे थे तमंचा, सूचना पर पुलिस ने मारा छापा

● भारी संख्या में तमंचा, कारतूस और असलहा बनाने के उपकरण बरामद

**अमृत विचार :** मैनिया जंगल में सोमवार देर रात झुकना नदी किनारे तमंचा बना रहे पीलीभीत के दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दो लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में तमंचे, कारतूस और तमंचा बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

पकड़े गए लोगों में पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव गौरा निवासी हसीब उर्फ हसीबू और हकीमउल्ला शामिल हैं। इनके कब्जे से टीम ने चार तमंचा 315 बोर, तीन तमंचे 12 बोर, दो कारतूस 12 बोर व दो अदद खोखा कारतूस 315 बोर और अवैध तमंचा बनाने के उपकरण, दो बाइक, एक की-पैड मोबाइल फोन बरामद किए।

पुलिस ने बताया कि हसीब पर छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसमें गौवध व पशु क्रूरता अधिनियम भी शामिल है। आरोपियों ने पूछने पर बताया कि हम चारो हसीब उर्फ हसीबू, हकीमउल्ला, शादाब, रियाजुद्दीन मिलकर झुकना नदी के किनारे सुनसान जगह पर तमंचे बना रहे थे।

रात में पुलिस ने हम दोनों को गिरफ्तार कर लिया और शादाब और रियाजुद्दीन अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए।


खुटार पुलिस की गिरफ्त में तमंचा बनाने के आरोपी। ● अमृत विचार

### खेत में झोपड़ी के अंदर तमंचा बनाते एक गिरफ्तार

**तिलहर।** कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने गोपालपुर ठिठौरा गांव के बाहर खेत में बनी एक झोपड़ी में मंगलवार तड़के छापा मारकर गांव निवासी पूसे लाल वर्मा को झोपड़ी में अवैध शस्त्र बनाते गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया आरोपी के पास से 315 बोर के दो तमंचे, एक 38 बोर का तमंचा, 12 बोर की एक पोनियां और कई कारतूस एवं शास्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। छापेमारी टीम में एसआई अनुज चौधरी, रजनीश कुमार, पवन कुमार, नवीन कुमार, ममता गुप्ता शामिल रहे।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# दो बच्चों की मां नगदी जेवर लेकर हो गई फरार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोजा थाना क्षेत्र के गांव भावलखेड़ा निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि उसकी शादी विमला निवासी जठियुरा थाना निगोही के साथ हुई थी। उसकी दो पुत्रियां है। आरोप है कि उसकी पत्नी अन्य लोगो से फोन पर बात करती थी।

उसके मना करने पर झगड़ा करने लगती थी। 27 अप्रैल को वह पत्नी तथा दो पुत्रियों को घर पर छोड़कर गया था। वह शाम पांच बजे घर पर आया तो उसकी बेटियों ने बताया कि मां दवा लेने के लिए सुबह दस बजे गई थी और वापस लौटकर नहीं आई है।

पत्नी घर से डेढ़ लाख रुपये के जेवर तथा दस हजार रुपये साथ में ले गई है। उसका मोबाइल स्विच ऑफ है। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने उसका नंबर सर्विलांस पर लगा रखा है।

# दो तस्कर गिरफ्तार 300 ग्राम स्मैक बरामद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कटरा पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर तीन सौ ग्राम स्मैक तथा एक बाइक बरामद की है।

कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी को मंगलवार को दिन में साढ़े 11 बजे सूचना मिली कि सीएचसी तिराहे पर दो मादक पदार्थ तस्कर बाइक से खड़े है और किसी का इंतजार कर रहे है। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर राशिद निवासी आजमनगर थाना बिशारतगंज जिला बरेली तथा अफजाल निवासी लोहिया नगर थाना बिशारतगंज जिला बरेली है। पुलिस ने तीन सौ ग्राम स्मैक तथा बाइक बरामद की है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत नौ लाख रुपये बताई जाती है। अभियुक्तों ने बताया कि बरेली से सस्ते दाम में स्मैक लाकर ढाबों के पास बेचते हैं। अभियुक्तों पर पहले से एनडीपीएस के मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सुजीत कुमार आदि थे।


तस्करी के आरोपी। ● अमृत विचार

● बाइक से स्मैक बिक्री करने जा रहे थे दोनों, पुलिस ने दबोचा




# हाईवे निर्माण: किसानों ने बंद कराया मिट्टी खोदाई का काम

## खुटार में अधिग्रहित की गई जमीन का मुआवजा नहीं मिलने पर भड़का गुस्सा, बोले- नहीं चलेगा आश्वासन से काम

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** किसानों की अधिग्रहित की गई भूमि पर एनएचएआई विभाग की ओर से कराया जा रहे काम को मंगलवार को किसानों ने बंद करा दिया। उनका कहना था कि दो साल हो गए और उन्हें अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। जबकि हर बार अधिकारी आश्वासन देते आ रहे हैं। सूचना पर एसआरएससी कंपनी के कर्मचारी पहुंचे। जहां किसानों से बात की लेकिन समस्या का हल नहीं निकल सका। कर्मचारियों ने कुछ किसानों की भूमि पर काम बंद कराकर दूसरी जगह काम शुरू करा दिया। किसानों का कहना है कि मुआवजा मिलने के बाद ही काम शुरू करने देंगे।

शाहजहांपुर से खुटार तक नेशनल हाईवे फोरलेन का कार्य चल रहा है। साथ ही पुवायां से पूरनपुर होते हुए मैलानी मार्ग पर स्थित लंगोटी बाबा स्थान तक बाईपास का निर्माण कार्य चल रहा है। नेशनल हाईवे बनाने के लिए किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया गया है लेकिन तमाम किसानों को उनकी जमीनों का अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। जबकि कुछ किसानों के खाते में 50 प्रतिशत धनराशि आ पाई है। किसान कई बार मुआवजा की मांग को लेकर पुलिस प्रशासन और शासन तक अपनी आवाज पहुंचा चुके हैं। फिर भी किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका है। गांव नगरा निवासी महेश कुमार, सत्यदेव, सुरेश चंद, मुकेश, विमलेश आदि किसानों ने बताया कि खुटार बंडा मार्ग पर हरदेव बाबा स्थान स्थित के समीप खेत है। बाईपास निकलने में उनकी भूमि अधिग्रहित की गई। मंगलवार दोपहर बाद करीब दो बजे किसान एकत्र होकर पहुंचे और मशीन से चल रहे मिट्टी खुदाई का काम बंद करा दिया। कुछ देर बाद एसआरएससी कंपनी के कर्मचारी पहुंच गए। जहां किसानों से बातचीत की। मगर किसान मुआवजा दिलाने की जिद पर अड़े रहे। कर्मचारियों ने विरोध करने वाले किसानों की भूमि छोड़कर दूसरे जगह पर काम कराने लगे। कर्मचारियों ने किसानों से कहा कि एनएचएआई के अधिकारियों को जानकारी देकर मुआवजा दिलवाया जाएगा। इसके बाद किसान लौट गए।


एसआरएससी कंपनी के कर्मचारियों से बात करते किसान। ● अमृत विचार


तोड़ा गया हरदेव बाबा के स्थान का चबूतरा। ● अमृत विचार

### हरदेव बाबा स्थान का चबूतरा तोड़ा

लोगों ने बताया कि हरदेव बाबा स्थान के पास से बाईपास निकला है। यहां पर लोग आकर पेड़ की छांव में बैठते थे। आरोप है कि कर्मचारियों ने हरदेव बाबा स्थान पर बरगद के पेड़ के चारों ओर चबूतरा तोड़ दिया है। इसके बाद ऐसे ही डाल दिया। अब आने वाले लोग इधर उधर खड़े रहते है। जिम्मेदारों ने कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

● शाहजहांपुर से खुटार तक फोरलेन और बाईपास बनाने का चल रहा काम

### उच्चाधिकारियों से मुलाकात के लिए दफ्तरों के काट रहे चक्कर

किसानों ने बताया कि उनकी भूमि हाईवे में निकल गई थी। अधिकारियों ने मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी दिया था। धीरे धीरे करीब दो साल हो गए लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। इसके अलावा अधिकारियों के दफ्तर के लगातार चक्कर काट रहे हैं। वहां भी आश्वासन मिला है। इससे काफी परेशान हो गए हैं। फिर भी अधिकारी ध्यान देने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं।

## बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की पांच वर्षीया बच्ची रविवार की शाम घर के बाहर खेल रही थी। मोहल्ले का अभिषेक उसे चीज दिलाने के बहाने सुनसान स्थान पर ले गया। आरोपी बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने लगा। बच्ची ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

## जिला बदर अपराधी तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर थाने के दरोगा रजनीश ने बताया कि राजेश निवासी खिरियामल थाना तिलहर को 28 फरवरी को जिला बदर किया गया था। पुलिस को मंगलवार को सुबह दस बजे सूचना मिली कि जिला बदर अपराधी गांव में घूम रहा है। दरोगा रजनीश ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। उसके पास से तमंचा तथा एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने जिला बदर अपराधी का चालान कर दिया।

# लोकसभा चुनाव: 13 मई छुट्टी नहीं, जनचेतना का दिन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार को गांधी भवन में समूह सखी, बीसी सखी, बैंक सखी का वृहद कार्यक्रम हुआ, जिसमें महिलाओं ने गीतों के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बाल सुधार गृह इंदेपुर के बच्चों ने प्रेरक नाटक के माध्यम से वोट का महत्व समझाया।

महिला समूहों से खचाखच भरे गांधी भवन में मुख्य अतिथि सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने कहा कि अब चौका-चूल्हा करने वाले जमाने चले गए हैं। हर क्षेत्र में महिलाओं का बोलबाला है। जब दीदी हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं, वोट डालने क्यों नहीं जा सकतीं। उन्होंने कहा कि 13 मई को पिकनिक मनाने या जनपद के बाहर घूमने जाने का कार्यक्रम बनाने के बजाय सभी दीदियां वोट डालने जाने का कार्यक्रम बनाएं और समूहों से जुड़ी प्रत्येक दीदी पांच-पांच महिलाओं के साथ वोट डालने जरूर पहुंचें। सीडीओ ने कहा कि 13 मई छुट्टी का नहीं, जनचेतना का दिवस है। समूह दीदी अपनी जिम्मेदारी भली प्रकार निभा रही हैं, इसलिए उनके ऊपर वोट प्रतिशत बढ़ाने का भी दायित्व है। सभी दीदी अपनी जिम्मेदारी जरूर निभाएं। परियोजना निदेशक अवधेश राम ने कहा कि वर्तमान में जिले में लगभग साढ़े चौदह हजार समूह हैं, जिनमें 1.50 लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। ये सभी महिलाएं अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए प्रत्येक घर से महिलाओं को अपने साथ ले जाकर वोट डलवाने की जिम्मेदारी उठाएं।

स्वीप नोडल अधिकारी डीआईओएस हरिवंश कुमार ने स्वीप का महत्व और उद्देश्य समझाते हुए कहा कि सभी महिलाएं बुलावा टोलियों का उत्साहवर्धन करते हुए एक-एक वोट घर से निकलवाने का काम करें। यही निर्वाचन आयोग की मंशा भी है। उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं बिना की भय और प्रलोभन के अपनी मर्जी के प्रत्याशी को वोट दें। वोट बेचने में नहीं, बल्कि देश और अपने भविष्य के बारे में देखें। गांवों में वोट डालने का माहौल बनाना जरूरी है। इससे पहले विभिन्न ब्लॉकों की महिलाओं ने अपने समूह के साथ मतदान गीत प्रस्तुत किए। बाल सुधार गृह इंदेपुर के बच्चों ने नाटक के माध्यम से वोट का महत्व समझाया। नाटक में अमित, प्रियांशु, गौरव, गुलशन, अयान, अब्दुल्ला आदि बच्चे शामिल रहे। बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षिका दपिंदर कौर, निकहत परवीन के नेतृत्व में गांधी भवन में आकर्षक रंगोली भी सजाई गई। बेसिक के स्काउट-गाइड बच्चों ने बैंड के साथ अतिथियों का स्वागत किया। व्यवस्था में बाल सुधार गृह अधीक्षक नेमचंद्र, संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, प्रतिभा मिश्रा, विनय, ऋषिपाल आदि का सहयोग रहा।


गांधी भवन में नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक करते बाल सुधार गृह के बच्चे।


समूह सखियों के साथ वोट डालने का संदेश देतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह।

● गांधी भवन में आयोजित मतदाता जागरुकता अभियान में जुटीं सैकड़ों महिलाएं

● सीडीओ ने कहा: प्रत्येक दीदी अपने साथ पांच-पांच महिलाओं को ले जाकर डलवाए वोट


गांधी भवन में आयोजित मतदाता जागरुकता अभियान में जुटीं समूह सखियां। ● अमृत विचार

# प्यारी रसोइया दादी ... वोट डालने जरूर जाना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** प्यारी रसोइया दादी, आप रोज हमें अच्छा खाना बनाकर खिलाती हैं। हम सभी का बहुत ध्यान रखती हैं। अपने देश के भविष्य के लिए आपसे प्रार्थना है कि 13 मई को आप वोट डालने जरूर जाएं। भेज रहे हैं नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हें बुलाने को। 13 मई को भूल न जाना वोट डालने जाने को। कुछ इसी प्रकार की भावनाएं मंगलवार को छात्र-छात्राओं ने पत्र लेखन और निमंत्रण पत्र के माध्यम से व्यक्त कीं।

जनपद में चौथे चरण में होने वाले लोकसभा और ददरौल उपचुनाव के लिए मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करने को प्रतिदिन तरह-तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को शिक्षण संस्थाओं में पत्र लेखन एवं निमंत्रण पत्र भेजने का अभियान वृहद रूप से चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने माता-पिता, शिक्षकों और रसोइयों को भावपूर्ण संदेश लिखकर उन्हें पत्र लिखकर जागरूक किया और निमंत्रण पत्र लिखकर उनसे 13 मई को वोट जरूर डालने का आग्रह किया। यह अनूठा अभियान महाविद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों से साथ परिषदीय प्राइमरी और जूनियर स्कूलों में जोरशोर से चलाया गया। बेसिक स्कूलों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक पत्र लिखकर माता-पिता, शिक्षकों और रसोइयों को संबोधित पत्र लिखे। सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह के निर्देश और डीआईओएस हरिवंश कुमार तथा बीएसए रणवीर सिंह के मार्गदर्शन में चले पत्र लेखन/निमंत्रण पत्र अभियान में मतदाताओं को संदेश दिया गया कि 13 मई को मतदान के दिन सभी कामकाज छोड़कर पहले राष्ट्रहित में वोट डालने की जिम्मेदारी निभाएं।


राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निगोही में निमंत्रण पत्र लिखकर दिखाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

● शिक्षण संस्थाओं के छात्र छात्राओं ने रसोइया, शिक्षकों और माता-पिता को लिखे पत्र


एक परिषदीय विद्यालय में वोट डालने के लिए निमंत्रण पत्र दिखाती बालिका।

### बच्चों ने पेंटिंग के जरिये मतदान के महत्व का दिया संदेश




पुवायां। द सेक्रेड हार्ट एकेडमी में मंगलवार को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने मतदान के महत्व के बारे में संदेश देते हुए आकर्षक पेंटिंग बनाई। इस दौरान विद्यालय के निदेशक संजीव मेहरोत्रा ने बताया कि एक मतदाता के रूप में मतदान करना कर्तव्य एवं अधिकार होता है, जो किसी भी लोकतंत्र के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मतदान के महत्व के बारे में संदेशों के साथ पेंटिंग बनाने जैसी गतिविधियों में छात्रों को शामिल कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। इस प्रकार की गतिविधियां उन्हें देश के भविष्य को आकार देने में उनकी भूमिका का एहसास करने में मदद मिलेगी। साथ ही, कला के माध्यम से इन विचारों को व्यक्त करने से इसमें शामिल सभी लोगों के लिए संदेश अधिक आकर्षक और यादगार बन सकता है।

● द सेक्रेड हार्ट एकेडमी में आयोजित की गई पेंटिंग प्रतियोगिता

# व्यापार मंडल का उद्देश्य उत्पीड़न मुक्त हो व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में बोले जिला अध्यक्ष सौमित्र

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की मंगलवार को एक बैठक जमुका दोहरा पर जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को रखा। जिसके बाद जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के निर्देश पर इकाई गठन के प्रभारी/प्रदेश युवा संगठन मंत्री नरेंद्र शुक्ला ने जमका दोहरा बाजार इकाई के गठन की प्रक्रिया शुरू कराई, जिसमें सर्व सहमति से रवि कुमार प्रजापति को अध्यक्ष, रंजीत सिंह को महामंत्री, रामजी को कोषाध्यक्ष चुना गया।

सौमित्र गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम व्यापारियों से 13 मई को होने वाले चुनाव में मतदान करने के लिए कहा। कहा कि मान सम्मान की रक्षा करना व्यापार मंडल का कर्तव्य है। अगर किसी व्यापारी को कोई समस्या आती है तो उसका समाधान हर स्तर से तुरंत कराया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से कहां किसी भी भय में न आएं। मंडल का उद्देश्य किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न न होने देना है। मंडल पूर्ण रूप से उनके लिए समर्पित है और 24 घंटे सक्रिय है।

महानगर अध्यक्ष मो. सलाउद्दीन ने कहा कि महानगर में व्यापार मंडल पूर्ण रूप से सक्रिय होकर व्यापारियों के समस्याओं के समाधान का कार्य कर रहा है। चाहे वह प्रशासनिक स्तर से हो या अन्य किसी विभाग से। बताया कि जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए व्यापार मंडल दुकानों में जाकर व्यापारियों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बैठक का संचालन महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम मोहन मिश्रा ने किया। बैठक में महानगर महामंत्री अनूप गुप्ता, उपाध्यक्ष सुमित पुरी, पदम सिंह, आयुष कुमार, अनुज कुमार, रोचक वर्मा, शिवेंद्र यादव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।


जानकारी देते महानगर अध्यक्ष सलाउद्दीन, साथ में जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता।

